Baba’s Praise

26/6/2015

- उस बागवान को ही बुलाते हैं कि आकर इस कांटों के जंगल को खत्म कर फूलों का कलम लगाओ। यह भी तुम बच्चे जानते हो-वह बागवान भी है, खिवैया भी है, सबको ले जाते हैं।
- शिवबाबा को कहा जाता है - सद्गति दाता। रावण को सद्गति दाता थोड़ेही कहेंगे।
- अल्फ बाप ही कहते हैं मुझ बाप को याद करो तो वर्सा मिल जायेगा।
- मनुष्यों को बाप ही पारसबुद्धि बनाते हैं।
- देखते हो बाबा ने सब कुछ दिया, विश्व का मालिक पहला नम्बर बना। 21 जन्मों के लिए ऐसा सौदा कौन नहीं करेगा। भोलानाथ तब तो कहते हैं ना।
- बाप कहते हैं मैं भोलानाथ भी हूँ ना। यह दादा तो भोलानाथ नहीं है। यह भी कहते हैं भोलानाथ शिवबाबा है इसलिए उनको सौदागर, रत्नागर, जादूगर कहा जाता है।